# बैंसला के बयान से ब्राह्मण समाज में रोष, तत्काल माफी मांगे विजय बैंसला

**गंगापुर सिटी ।** विप्र फाउंडेशन जोन 1डी गंगापुर सिटी के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवाडी ने गुर्जर नेता विजय बैंसला के हालिया बयान की कडी निंदा करते हुए उन्हें तत्काल ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक माफी मांगने को कहा है।

■ **गुर्जर नेता विजय बैंसला के हालिया बयान की कडी निंदा करते हुए उन्हें तत्काल ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक माफी मांगने को कहा है**

विप्र फाउंडेशन भरतपुर जोन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा चच्चू भैया , कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ हेमन्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री कैलाश तिवाडी, महामंत्री सियाराम शर्मा,जिलाध्यक्ष दिलीप तिवाडी,प्रदेश सचिव विष्णु गुरुजी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द पाराशर,जिला संगठन महामंत्री मदनमोहन शर्मा,जिला उपाध्यक्ष रमन शर्मा,जिला मंत्री रमाकांत शर्मा,युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा,युवा प्रकोष्ठ जिला महामंत्री अकुंश शर्मा,तहसील तहसील अध्यक्ष शिवचरण शर्मा अन्ना, गंगापुर सिटी तहसील अध्यक्ष राकेश जैमिनी,रजनीश शर्मा ने संयुक्त रूप से इस बयान की आलोचना की है। विप्र फाउंडेशन के अनुसार,सोशल मीडिया पर करौली क्षेत्र की एक सभा का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें विजय बैंसला ब्राह्मण आचार्यों, कथा व्यास और पुजारियों के प्रति अनर्गल, भ्रामक और अपमानजनक बातें कहते नजर आ रहे हैं। यह बयान न केवल सम्मानित व्यासपीठ का अपमान है, बल्कि समाज में जातीय विद्वेष फैलाने वाला भी है, जो सामाजिक सौहार्द के विरुद्ध है। विप्र फाउंडेशन ने स्पष्ट किया कि विजय बैंसला ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए यह घृणास्पद कार्य किया है, जिससे संपूर्ण ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश है। विप्र फाउंडेशन ने चेतावनी दी है कि विजय बैंसला जल्द से जल्द अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

## पक्षी चुग्गा के लिए किया जायेगा चबुतरे का निर्माण

**गंगापुर सिटी ।** अंतराष्ट्ीय वैश्य महिला महासम्मेलन की तहसील इकाई द्वारा पक्षियों के आवास हेतु चबूतरे के निर्माण की नींव श्याम मंदिर के पास नहररोड पर रखी गई जहाँ पक्षियों के लिए दाने और पानी की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम अध्यक्ष रेखा अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। इसके साथ ही मंत्री अनिता दुसाद ने बताया कि चबूतरे का निर्माण एक अच्छा और धार्मिक कार्य होता है जो की कबूतरों को सुरक्षा व आरामदायक जगह प्रदान करता है। इस दौरान मंत्री देवल अग्रवाल, मंजू पितालिया, लक्ष्मी अग्रवाल, सारिका खंडेलवाल, मधु जैन, रेणु काला अन्य कई महिला शामिल हुई।

# दादा साहब फालके को याद किया

**करौली ।** राष्ट्रीय ओल्ड इस गोल्ड संस्था द्वारा भारतीय सिनेमा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले दादा साहब फालके की 81 वी पुण्यतिथि पर पुरानी फिल्मों के गीत सुना कर उनको सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । संस्था के अध्यक्ष इंजीनियर जीवनलाल शर्मा ने देवका रानी अशोक कुमार की फिल्म अछूत कन्या 1939 का गाना मैं ब नकी कोयल ब न के बन बन बोलूं रे फिल्म रतन 1944 का गाना ओ जाने वाले बालम बा लौट के आ लौट के आ गीत सुना कर उनको सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इंजीनियर जीवनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दादा साहब फाल्के का पूरा नाम धुंडीराज गोविंद फाल्के था उनका जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्रयंबकेश्वर में 30 अप्रैल 1870 को

■ **81 वी पुण्यतिथि पर पुरानी फिल्मों के गीत सुना कर उनको सादर श्रद्धांजलि अर्पित की गई**

हुआ था एवं उनका निधन 16 फरवरी 1944 को 73 वर्ष की उम्र में नासिक में हुआ था भारतीय सिनेमा में ब्रिटिश काल में फिल्मों की शुरुआत सबसे पहले दादा साहब फाल्के ने 1913 में मु कफिल्म राजा हरिश्चंद्र बनाकर की थी यह फिल्म काफी हिट रही थी इसके बाद उन्होंने मोहिनी भस्मासुर सत्यवान सावित्री लंका दहन श्री कृष्ण जन्म कालिया मर्दन सहित लगभग 95 फिल्मों का निर्माण किया तथा 27 लघु फिल्में का भी निर्माण किया वे फिल्मों के निर्माता निर्देशक पटकथा लेखन एवं अभिनय भी करते थे उन्होंने सन 1912 में मुंबई में फाल के फिल्म कंपनी की स्थापना की थी उनके नाम से ही फिल्म डिवीजन में फिल्मों के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कलाकारों को दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिया जाता है यह पुरस्कार सन 1969 में शुरू हुआ तथा प्रथम पुरस्कार 17 वे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में पुरानी फिल्मों की नायिका देविका रानी जी को दिया गया था इस अवसर पर बने सिंह धावई डॉक्टर रामबाबू प्रेम सिंह फौजदार सुरेश सिंह बने सिंह फौजदार दिनेश चतुर्वेदी राकेश अठावाल अभिषेक शर्मा अंशुल अठावाल अवधेश सक्सेना मुकेश गुप्ता रामवीर शर्मा आदि संस्था के सदस्य उपस्थित थे।

# प्रकरणों में की जावेगी प्री-काउंसलिंग

**करौली,** (निं.सं.)राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली श्रीमती माधवी दिनकर की अध्यक्षता में 8 मार्च को सम्पूर्ण करौली जिले में सभी प्रकृक्ति के विवादों से संबंधित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विविध सेवा प्राधिकरण कि सचिव ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित प्रकरणों में पूर्व में अदा किये गये न्याय शुल्क कि वापसी का भी प्रावधान है। साथ ही लोक अदालत के मार्फत निर्णित मुकदमों में अपील वर्जित होने से प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण हो जाता है। लोक अदालत में विवाद का निस्तारण बिना किसी दबाब के, आपसी बातचीत,समझौते व राजीनामे के द्वारा शीघ्र व त्वरित गति से निर्णित होता है। लोक अदालत में प्रकरण का पक्षकारों द्वारा निस्तारण करवाने से पैसा व समय की बर्बादी दोनों से बचा जा सकता है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के न्यायालयों में लंबित मामलों में 17 से 21 फरवरी के मध्य प्री-काउंसलिंग कि जावेगी। साथ ही बैंक ऑफ बडौदा शाखा करौली के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 18 फरवरी को एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा करौली के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 20 फरवरी को प्री-काउंसलिंग की जावेगी।

# 4 रन से जीती डीएस साइंस एकेडमी टीम

**गंगापुर सिटी ।** नई दिशा सोसायटी द्वारा आयोजित पीयूष जीपीएल-9 का फाइनल मुकाबला रविवार को डीएस साइंस एकेडमी और जीजीसी हंटर्स के बीच खेला गया।

■ **पीयूष जीपीएल-9 का फाइनल मुकाबला रहा रोमांचक**

व्यापार मंडल अध्यक्ष गोविंद गुप्ता की मौजूदगी में हुए टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएस साइंस एकेडमी ने 2० ओवर में 133 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही जब ओपनर फुरकान अली पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। हालांकि, मध्यक्रम में कपिल (24 रन) और भूपेंद्र (31 रन) ने टीम को संभाला। अंत में हिमांशु के 24 रनों की बदौलत टीम ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खडा किया। जवाब में जीजीसी हंटर्स की शुरुआत भी बेहद खराब रही, जब पावर प्ले में ही कप्तान नंदू सहित 4 विकेट गिर गए। मैच में रोमांचक मोड तब आया जब अयान और रेयान ने 8वें विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की। अंतिम ओवर में 17 रन की दरकार थी, लेकिन टीम सिर्फ 13 रन ही बना सकी और मैच 4 रनों से गंवा दिया। टूर्नामेंट में अशोक सिंह को मैन ऑफ द मैच, शोएब खान को कैच ऑफ द मैच और कपिल कुमार को सिक्स ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के मैदान पर हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने इस रोमांचक मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।

## आवारा कुत्तो ने मासूम बच्चे पर किया हमला

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढता जा रहा है। रविवार को ट्रक यूनियन शीतला कॉलोनी रेबा की मील के पास 1०-12 आवारा कुत्तों ने 6 वर्षीय बच्चे पर हमला कर गंभीर घायल कर दिया। पीडित के पिता अय्यूब खान ने बताया कि रविवार को छुट्टी के दिन सुबह करीब 9 बजे उनका बेटा अबू बकर घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे के हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों को बुरी तरह नोच डाला, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

# भरतपुर विधायक डॉ गर्ग ने की जन सुनवाई

**भरतपुर ,** । पूर्व मंत्री और भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दूसरे दिन रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरी और ठाामीण क्षेत्रों से आए हुए नागरिकों ने अपनी समस्याएं डॉ. गर्ग के सामने रखीं, जिनमें मुख्य रूप से बिजली, पानी, सड़क, सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी शामिल थी।

डॉ. गर्ग ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। हम इन समस्याओं का समाधान शीघ्र करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसे मुद्दे फिर से न उठें। कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. गर्ग का वार्ड नंबर 33 में पार्षद मुकेश जाटव के नेतृत्व में माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ. गर्ग ने कहा, आपके समर्थन और विश्वास ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। मैं इस क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा। जन सुनवाई में विधायक डॉक्टर गर्ग ने पानी की समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए और कहा कि इन मुद्दों का समाधान पहले प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# प्रतियोगिता के विजेताओं को विप्र परिवार ने बांटे पुरस्कार

**गंगापुर सिटी ।** रविवार को विप्र परिवार गंगापुर सिटी के द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद वर्तमान में कितने प्रासंगिक के कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण वेदांत बीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल पर किया गया। कार्यक्रम संयोजक गोविंद पाराशर ने बताया कि विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर विप्र परिवार गंगापुर सिटी के द्वारा एक ऑनलाइन वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन संभाग स्तर पर किया गया था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी प्रतियोगियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन के ऊपर 4 से 5 मिनट का वीडियो बनाना था।

इस प्रतियोगिता में पूरे भरतपुर संभाग से हर उम्र के 127 प्रतियोगियों ने भाग लिया था, जिसमें में सबसे कम उम्र के प्रतिभागी सायुज्य शर्मा रहे जिनकी उम्र मात्र 11 वर्ष है। और इन सभी प्रतियोगियों में से 16 प्रतियोगियों को पुरस्कार के लिए चुना गया। इन सभी 16 प्रतियोगों को सांत्वना पुरस्कार विप्र परिवार गंगापुर सिटी के द्वारा दिया गया। सभी प्रतिभागियों में से तीन ऐसे प्रतिभागी चुने गए जिनका वीडियो सर्वोत्तम था जिन्हे इस कार्यक्रम का विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर सभापति हरिप्रसाद बोहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रायोजक वेदांत बीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजनीश अवस्थी ने प्राप्त किया जिन्होंने बहुत ही संक्षिप्त संवाद द्वारा विवेकानंद जी के जीवन परिचय को समझाया, द्वितीय स्थान बहुत ही कम उम्र के सायुज्य शर्मा ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर विवेक पाठक रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के नवयुवकों को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेने की बहुत जरूरत है जिससे हमारे समाज का कल्याण हो सके और हमारा देश प्रगति की ओर आगे बढे। समारोह के दौरान राजेश आचार्य, सोमदत्त शर्मा, रौनक शर्मा, विनोद, सचिन, अनिल एवं विप्र परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## दबंगो ने रोका गरीब के आशियाने का काम

**गंगापुर सिटी ।** समीपवर्ती गांव अरनिया में दबंगो ने एक गरीब परिवार की जमीन हडपने व धमकाने का आरोप लगाया है। पीडित हरिगोविन्द रैगर ने बताया कि वे अरनिया गांव में रहता है। जहां वह अपने खेत में मकान का निर्माण करवा रहा है। लेकिन गांव के दबंग लोग जबरदस्ती कर बेदखल करना चाहते है। इसके साथ ही ये लोग आए दिन गाली गलोच व मारपीट करने पर उतारू रहते है। पीडित ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौप कर आरोपियोके खिलाफ कार्रवाही करने की मांग की है।

# चोरों ने फल की दुकान का शटर तोड़ कर की चोरी

**गंगापुर सिटी ।** शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढती जा रही हैं। रविवार की दरमियानी रात को चोरों ने ईदगाह चौराहे के पास एक फल की दुकान से हजारो रूपए के माल पर हाथ साफ कर गए। इसके साथ ही चोरों ने न सिर्फ दुकान के ताले तोडे, बल्कि लोहे की छड से शटर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। दुकान के मालिक लक्ष्मण सैनी ने बताया कि उनकी बुआ का बेटा सुरेश दुकान में फलों का व्यवसाय करता है।

■ **शहर में आए दिन हो रही है चोरी, पुलिस नहीं लगा पा रही चोरी पर लगाम**

शनिवार रात साढे 8 बजे सुरेश दुकान बंद करके घर चला गया था। रात करीब 12 बजे पुलिस ने सूचना दी कि दुकान खुली हुई है और सामान बिखरा पडा है। चोरों ने दुकान से 2-2 पेटी सेब, चीकू और अनार के साथ एक-एक पेटी खजूर और स्ट्रॉबेरी चोरी कर ली। इतना ही नहीं 10 किलो अमरूद, ग्राइंडर मशीन, मसाले और कैश बॉक्स भी ले गए। घटना से आस पास के दुकानदारों में आक्रोश है। उसका कहना है कि जिला मुख्यालय हटने के बाद से पुलिस गश्त कम हो गई है, जिससे चोरी की वारदातें बढ गई हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस गश्त बढाने और सुरक्षा के कडे इंतजाम करने की मांग की है।

## भगवान कृष्ण जन्मोत्सव की सुनाई कथा

**सूरौठ ।** तहसील के पुलिस थाने के सामने मधुबन कांलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को कथा वाचक आचार्य सोनू शरण शास्त्री जी गोवर्धन धाम वालों के मुखारविंद से भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव सहित बाल लीलाओं कि कथा सहित कथा का पूरा सार सुनाया, नेवला वाली बगीची के मंहत नरोत्तम दास जी महाराज व शैलेन्द्र गुधैनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्व समाज के द्वारा करवाईं जा रही श्रीमद् भागवत कथा में शास्त्री जी द्वारा सुनाए गए भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12 बजे से सांय 5:30 बजे तक सुनाई गई जिन्हें सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए ठाुप म्यूजिसियन गायक करन सिंह योगी, मनोज कृष्ण शास्त्री, व राजू पंडित जी ने भगवान के भजनों कों बहुत अच्छा गाया, और सभी भक्त जनों ने महाराज जी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया ,व शाम को भगवान कृष्ण कि संजीव झांकि सजाई गई, जिसे देखनें के लिए भक्तजनों का हुजूम उमड पड़ा भगवान की आरती करने के पश्चात भगवान को भोग लगाने के बाद सभी भक्तजनों को प्रसादी का किया गया।

## फर्जी हस्ताक्षर से खाद्य सुरक्षा लाइसेंस जारी करवाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**बून्दी,** (निसं)। बूंदी पुलिस ने सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल कर कुटरचित अनापत्ति प्रमाण पत्र से खाद्य सुरक्षा लाइसेंस प्राप्त करने का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अपनी ए-वन चिकन और मीट शॉप के लिए खाद्य सुरक्षा लाइसेंस हेतु पंचायत के लेटरहेड पर फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का इस्तेमाल कर 5 जनवरी 2024 को अनापत्ति प्रमाण पत्र तैयार कर उसे ऑनलाइन जमा करवाया था।

■ **सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और मोहर का किया इस्तेमाल**

दबलाना थानाधिकारी तेजपाल सैनी ने बताया कि 19 जनवरी 2024 को अणदगंज ग्राम पंचायत के सरपंच मुकेश कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय सीएमएचओं बून्दी ने अवगत करवाया कि सयद पुत्र अशरफ जाति देशवाली निवासी अलोद द्वारा अपनी ए-वन चिकन व मिट शोप की खाद्य सुरक्षा लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, जिसमे आपके कार्यालय से किसी प्रकार की अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है।

# भाजपा के 13 मंडल अध्यक्ष हुए नियुक्त

**करौली,** (निं.सं.) भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि रविवार को करौली जिले के निर्वाचन अधिकारी हेमंत विजय वर्गीय एवं शहर चुनाव निर्वाचन अधिकारी महेंद्र मीणा व प्रहलाद सिंहल के द्वारा करौली जिले के 23 मंडलों में से 13 मंडलों के अध्यक्ष एवं 13 मंडलो के प्रतिनिधियों कि घोषणा की गई है। जिसमें कुछ मंडल अध्यक्ष तो दोबारा घोषित हुए हैं।

उन्होने बताया कि मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों कि सर्वसम्मति निर्वाचन के पश्चात घोषणा कि गई है संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत सपोटरा शहर शिवकुमार गुप्ता,मंडल अध्यक्ष करणपुर रामनिवास मीणा,मंडरायल राजवीर सिंह, करौली शहर आशुतोष तिवारी दूसरी बार घोषित, करौली ठाामीण रामेंद्र सिंह जादौन,सायपुर-अनिल चतुर्वेदी दूसरी बार घोषित,खेड़ा जमालपुर श्रीमती गीता देवी जाट दूसरी बार घोषित,मासलपुर बालकृष्ण पंनवारिया दूसरी बार घोषित,हिंडौन ठाामीण शिव गणेश चैधरी, श्री महावीर जी कल्पेश शर्मा,टोडाभीम शहर श्रीमती रवीना मीणा दूसरी बार घोषित, नादौती समरान सिंह खटाना दूसरी बार घोषित, मेहंदीपुर बालाजी नमो नारायण मीणा दूसरी बार घोषित, मंडल प्रतिनिधि कि घोषित सूची मे सपोटरा शहर कमलेश मीणा, करणपुर रामनरेश मीणा, मंडरायल बृजभूषण शर्मा, करौली शहर-धर्मेंद्र सिंह जादौन, करौली ठाामीण सियाराम जाटव,सायपुर बृजेश चतुर्वेदी,खेड़ा जमालपुर प्रमोद शर्मा,मासलपुर हजारी माली,हिंडौन ठाामीण राहुल शर्मा, मेहंदीपुर बालाजी भीम सिंह राजपूत को मंडल प्रतिनिधी के पद पर घोषित किया गया है।

## यात्री का छूटा मोबाइल रेल कर्मचारी ने सुपुर्द किया

**कोटा,** (निसं)। मंडल में तैनात रेल कर्मचारी अपनी ड्यूटी के साथ कई बार आमजन के हित में प्रशंसनीय सामाजिक सराहनीय कार्य करते है। जिसकी आमजनमानस द्वारा सराहना की जाती है एवं रेलकर्मचारियों को परोपकारी और ईमानदारी पूर्ण कार्य करने के लिए बल मिलता है। इसी क्रम में शनिवार आगरा से कोटा लौटकर आते समय प्लेटफार्म पर एक यात्री ऋतिक सोनी का मोबाईल कहीं गिर गया था। जिसे एक अन्य यात्री द्वारा प्रधान टिकट संग्राहक कार्यालय कोटा में इस मोबाईल को जमा कराया गया।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 234 मरीजो ने लिया इलाज

**भरतपुर ।** होम्योपैथिक फिजिशियन सोसाइटी द्वारा नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक ब्राह्मण धर्मशाला, खिरनी घाट ,भरतपुर पर किया गया।

चिकित्सा शिविर प्रभारी डॉ रविन्द्र कुन्तल ने बताया कि शिविर में मरीजों को होम्योपेथिक दवाइयां,डाइबिटीज की जांच एवं परामर्श नि:शुल्क दिया गया । सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नरवरिया ने बताया कि शिविर में असाध्य एवं साध्य रोगों का इलाज किया गया । जिसमे मिरगी,माइठोन, एलर्जी, थायरॉयड, सर्वाइकल, सियाइटिका, जोड़े के रोग, प्रोस्टेट, डायबिटीज, त्वचा की बीमारी, दिल की बीमारी, अस्थमा, टी.बी, बुखार,पाचन तंत्र के रोग, श्वास रोग, पथरी, खांसी,जुकाम,सांस सम्बंधित बीमारी इत्यादि सभी बीमारियों का इलाज इस शिविर में किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ चिराग गुप्ता ने बताया कि शिविर में 12 चिकित्सको ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में डॉ एम बी सिंह रघुवंशी,डॉ सुरेंद्र नरवरिया ,डॉ हरीश कुमार,डॉ राममोहन गुप्ता,डॉ चिराग गुप्ता,डॉ अनुराग मंगल ,डॉ रविन्द्र कुन्तल ,डॉ वैशाली कुन्तल ,डॉ अंकुर सिंह ,डॉ हिमांशु चौधरी , डॉ गौरव दीक्षित ,डॉ उमेश शर्मा ने अपनी सेवाएं। डॉ हरीश कुमार ने बताया कि आगे इसी तरह होम्योपैथी को बढ़ावा देने के लिये गाँव- शहर तक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाये जायेंगे।

# पुलिस ने 50 लाख की चोरी के आरोपी को किया गिरफतार

**गंगापुर सिटी ।** कोतवाली पुलिस ने एक बडी सफलता हासिल करते हुए 5० लाख रुपए की चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के पास से कीमती जेवरात बरामद किए गए हैं। मामला 14 जनवरी 2०25 का है, जब गिरधारी लाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके सूने मकान से चोर 5० लाख रुपए की नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। गिरधारी लाल के परिवार के अधिकांश सदस्य रोजगार के लिए कैलादेवी में रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी घर पर रहती थी। चोरी की घटना 13 जनवरी को उनकी पत्नी के मायके जाने के बाद हुई। पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के मार्गदर्शन में थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू उर्फ श्रीराम शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सलारपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से दो जोडी चांदी की पायजेब, एक जोडी कनकती और सोने की अंगूठियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण सफलता है और चोरी की अन्य वारदातों के खुलासे के लिए आरोपी से पूछताछ जारी है।

■ **मामला 14 जनवरी 2.25 का है, जब गिरधारी लाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी**


